# कैचमेंट क्षेत्र में निजी भूमि पर चला बुलडोजर

▸ कहीं दीवार तो कहीं स्वीमिंग पूल को तोड़ा

**39** निजी और शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण



नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 30 अप्रैल. राजधानी में बड़े तालाब के कैचमेंट क्षेत्र में अतिक्रमण की कार्रवाई अब गति पकड़ती दिखाई दे रही है. गुरुवार को टीटी नगर वृत्त क्षेत्र में निजी भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई.**

जिसकी शुरुआत सुबह साढ़े ग्यारह बजे से हुई जो शाम को चार बजे तक जारी रही. टीटी नगर तहसीलदार के निर्देशन में सेवनियां गौड़ गांव स्थित बड़े तालाब के कैचमेंट में 9 निजी भूमि पर अतिक्रमण हटाया गया. पहली कार्रवाई पुनीत बंसल की भूमि पर बने निर्माण की गई. इस यह सभी निर्माण रसूखदारों के बताए गए हैं. इनमें रेखा तिवारी की निजी भूमि पर पक्की दीवार के साथ ही सीसी से निर्मित फुटपाथ को तोड़ा गया. उसके बाद उनके स्वीमिंग पुल को भी जेसीबी से तोड़ने की कार्रवाई की गई. इसी दौरान रेखा तिवारी भी आ गईं. उन्होंने अधिकारियों से स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा. अन्य निर्माण दीवार और शेड को जेसीबी से तोड़ा गया. इस दौरान तहसीलदार कुणाल राउत, नायब तहसीलदार, सुनीता देहलवार, राजस्व निरीक्षक पटवारी नगर निगम के भवन अनुज्ञा शाखा के प्रभारी नीरज आनंद लिखार मौजूद थे.

जिन 9 लोगों के यहां पर कार्रवाई हुई उनमें रमिला अग्रवाल फेंसिंग , रूपम सेवानी, फेंसिंग एवं टीन शेड पक्की दीवार वाला मकान, बनवारीलाल फेंसिंग, मेसर्स एन्जी इंस्फ्राट्रक्चर प्रा.लि. नीरत सोनगटा पक्की फेंसिंग, पुष्पा सिंह, शिव सिंह पक्की फेंसिंग, केके इन्द्रा मर्यादित वैभव गोयल पक्की फेंसिंग, पुनीत बंसल की पक्की फेंसिंग शामिल हैं. टीटी नगर वृत्त के तहसीलदार कुनाल राउत ने बताया कि हमारे क्षेत्र के अंतर्गत 117 बड़े तालाब के कैचमेंट में निजी और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाए गए थे.

### कोलार तहसील क्षेत्र में भी हटाई झुग्गियां

कोलार तहसील के अंतर्गत बावड़िया क्षेत्र में लगभग 30 झुग्गियों को हटाये जाने की कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई सुबह 11बजे से शाम 7.45 बजे तक की गई. समस्त झुग्गियों को तोड़कर शासकीय एवं निजी मद की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया. इस दौरान मौके पर कोलार तहसीलदार यशवर्धन सिंह, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी व नगर निगम का अतिक्रमण अमला मौजूद रहा.

# हजारों कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 30 अप्रैल. मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हजारों अस्थायी, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों ने नीलम पार्क में एकजुट होकर नौकरी में सुरक्षा और 26,000 रुपये मासिक न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया.**

यह आंदोलन प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें ग्राम चौकीदार, पंप ऑपरेटर, स्कूल व छात्रावासों के अंशकालीन कर्मचारी, लोकल यूथ सर्वेयर और आउटसोर्स कर्मियों ने भाग लिया. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा घोषित 12,425 से 16,769 रुपये के न्यूनतम वेतन के बावजूद अधिकांश कर्मचारियों को मात्र 3,000 से 5,000 रुपये ही मिल रहे हैं.

उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और राजस्व विभागों में लंबे समय तक काम करने के बावजूद कम वेतन मिलने की विसंगतियों को उजागर किया. सभा को संबोधित करते हुए वासुदेव शर्मा ने संविदा व्यवस्था की आलोचना करते हुए इसे कर्मचारियों के साथ अन्याय बताया. उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा. नेताओं ने 6 जुलाई को जबलपुर हाईकोर्ट पहुंचकर नियमितीकरण और न्यूनतम वेतन लागू कराने की गुहार लगाने की घोषणा की. प्रशासनिक प्रतिबंधों के चलते भाजपा कार्यालय के बजाय यह प्रदर्शन नीलम पार्क में आयोजित किया गया.

# पोस्टमार्टम कराने में हुई परेशानी

मॉर्निंग वॉक के दौरान हुआ हादसा

## पालतू कुत्ते को स्कूल बस ने कुचला

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 30 अप्रैल. तेज व लापरवाही से चल रही एक स्कूल बस ने गुरुवार सुबह पट्टे से बंधे पालतू कुत्ते को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद मामला दर्ज हुआ, लेकिन पोस्टमार्टम कराने के लिए मालिक को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा.**

घटना उस समय हुई जब गौरव बारके अपनी मादा लैब्राडोर के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे. इसी दौरान एमपी 04 पीए 3848 नंबर की एक स्कूल बस ने कथित तौर पर कुत्ते को कुचल दिया. बस चालक सुनील को शाहपुरा थाने ले जाया गया, जहां उसके खिलाफ एफआईआर (क्रमांक 0170/2026) धारा 325 के तहत दर्ज की गई.इसके बाद पुलिस आरक्षक के साथ मालिक कुत्ते के शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर रवाना हुए.

हालांकि, इसके बाद प्रक्रिया जटिल हो गई. राज्य पशु चिकित्सालय में उन्हें मिसरोद पशु चिकित्सालय जाने की सलाह दी गई, जो शाहपुरा थाने के नजदीक बताया गया. मालिक के अनुसार, मिसरोद में ड्यूटी पर मौजूद पशु चिकित्सक डॉ. प्रज्ञा चौरसिया ने क्षेत्राधिकार का हवाला देते हुए पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया और उन्हें फिर से राज्य पशु चिकित्सालय जाने को कहा.

मालिक और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कई बार संपर्क करने के बावजूद डॉ. चौरसिया से बात नहीं हो सकी.उप संचालक डॉ. अभिजीत शुक्ला, जिन्होंने मालिक की समस्या सुनकर हस्तक्षेप किया, वे भी उनसे संपर्क स्थापित नहीं कर पाए.

### पशु चिकित्सा सेवाओं पर उठे सवाल



इसके बाद डॉ. शुक्ला ने कुत्ते को बैरागढ़ पशु चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी .वहां डॉ. शिवानी रावत ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेने के बाद ही प्रक्रिया शुरू की. आवश्यक आदेश मिलने के बाद दोपहर करीब 1 बजे पोस्टमार्टम किया गया. इस घटना ने पशु चिकित्सा सेवाओं में समन्वय और क्षेत्राधिकार को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं. वहीं, पुलिस मामले की जांच जारी रखे हुए है.

# भूमि आवंटन और विभागीय अनुमतियों पर हुई बैठक

**भोपाल, 30 अप्रैल. नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी अंतर्गत संचालित परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भूमि आवंटन एवं विभिन्न विभागों से आवश्यक अनुमति/ अनापत्ति प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

यह बैठक एमपीयूडीसी के अतिरिक्त प्रबंध संचालक दिव्यांक सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जो कि प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी. बैठक में जल संसाधन विभाग, वन विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, लोक निर्माण विभाग एवं पश्चिम मध्य रेलवे सहित विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

वहीं, विभाग के प्रमुख अभियंता प्रदीप मिश्रा ,कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह एवं मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला के साथ समस्त इकाइयों के परियोजना प्रबंधक भी बैठक में शामिल हुए. बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही भूमि आवंटन एवं विभागीय अनुमति संबंधी बाधाओं की समीक्षा कर उनके त्वरित निराकरण हेतु समन्वय स्थापित करना था, ताकि योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जा सके.



## निगम के 7 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**भोपाल.** नगर निगम के 7 कर्मचारी गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए. इन सभी सेवानिवृत कर्मचारियों का उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने शॉल, श्रीफल भेंटकर ससम्मान बिदाई दी. सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का विदाई समारोह माता मंदिर स्थित निगम कार्यालय में आयोजित किया गया. निगम की सेवा से सेवानिवृत्त हुए निश्रेलि सुनील कुमार जैन, वेक्सीनेटर मो. जावेद, बंधानी विष्णु प्रसाद, चरवाहा मो. नईम, श्रमिक दौलतराम, सफाईमित्र, उमराव एवं विनियमित अर्धकुशल, जफर उल्ला आगा है.



# हवाई अड्डे का किया निरीक्षण

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 30 अप्रैल. राजा भोज एयरपोर्ट पर गुरुवार को एयरपोर्ट सलाहकार कमेटी की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद आलोक शर्मा ने की**

बैठक में विमानपत्तन निदेशक द्वारा राजा भोज हवाई अड्डे पर हाल ही में किए गए यात्रियों की सुविधाओं जानकारी दी गई. प्रमुख बिंदुओं में 24×7 ( II-24) प्रचालन, सीएटी-आईआई आईएलएस प्रणाली का कार्यान्वयन, नए आगमन हॉल का उद्घाटन, नए फायर स्टेशन का निर्माण,डिगी यात्रा ऑफ लिब्रारी तथा 'चेयर पर चार्जिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल रहीं.

सांसद आलोक शर्मा ने टर्मिनल भवन का निरीक्षण किया, साथ ही यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया. उन्होंने यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए विमानतल प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की. इस दौरान उन्होंने सिक्योरिटी होल्ड एरिया में प्रारंभ किए गए पानी पुरी स्टॉल का भी अवलोकन किया.


म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

राजधानी में प्राइम लोकेशन पर
प्लॉट खरीदने का सुनहरा अवसर

RERA No. : P-BPL-25-5410

भूखण्ड का अपसेट मूल्य
₹49.40 लाख से शुरू

ऑनलाइन ई-ऑफर सुविधा
www.mphousing.in
www.mponline.gov.in पर उपलब्ध




"सैफायर पार्क सिटी"
80 फीट मुख्य मार्ग कटारा हिल्स पर आवासीय भूखण्ड

| क्र. | भूखण्ड का प्रकार | भूखण्डों की संख्या | सामान्य वर्ग | | अनु. जाति | | अनु. जनजाति | | पिछड़ा वर्ग | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | सैनिक/ भू.पू. सैनिक | मा. सांसद / विधायक | बुद्धिजीवी/ श्रमजीवी पत्रकार | विकलांग | मण्डल कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | म. | | म. | | म. | | म. | | | | | | |
| 1 | एच.आई.जी. (ए) | 32 | 11 | 1 | 3 | - | 5 | - | 2 | - | 1 | - | 06 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | एच.आई.जी. (बी) | 56 | 17 | - | 6 | - | 9 | - | 3 | - | 3 | 1 | 11 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | एच.आई.जी. (सी) | 13 | 1 | - | 1 | - | 4 | - | 1 | - | - | - | 05 | - | 1 | - |
| 4 | एच.आई.जी. (डी) | 10 | 1 | - | 1 | - | 1 | - | - | - | 1 | - | 05 | 1 | - | - |
| 5 | एच.आई.जी. (ई) | 9 | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | 06 | - | - | 1 |

नियम एवं शर्तें-
1. ऑफर स्वीकृत होने पर ऑफर मूल्य की संपत्ति की शेष राशि 3 किस्तों में भुगतान करने की विशेष सुविधा। 2. संपत्ति के ऑफर स्वीकृति उपरांत ऑफरकर्ता द्वारा ऑफर निरस्त कराने पर मण्डल नियमानुसार धरोहर राशि की 50% राशि जब्त कर ली जावेगी। 3. ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल / संपत्ति का अवलोकन कर लें। 4. समस्त कर एवं जी.एस.टी. शासन / मण्डल के नियमानुसार पृथक से देय होगा। 5. शासन / मण्डल द्वारा निर्धारित लीजरेंट एवं भूखण्डों के मूल्य का 5% कार्पस फंड पृथक से देय होगा। 6. मण्डल / शासन के नियम व शर्तें लागू।
7. भूखण्ड का आकार कम/अधिक होने पर अपसेट मूल्य के अनुपात में राशि देय होगी।

आवेदन शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 18/05/2026, ऑफर डालने की तिथि 19/05/2026 सायं 5.00 बजे तक। ऑफर दिनांक 20/05/2026 को सायं 3.00 बजे Online खोले जावेंगे। आवेदन फार्म का मूल्य एवं धरोहर राशि Online Portal से जमा होगी। रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होंगी।
योजना की विस्तृत जानकारी www.mphousing.in पर उपलब्ध।

(एम.सी.घनघोरिया)
कार्यपालन यंत्री, संभाग-02, भोपाल

म.प्र. माध्यम/125567/2026

संपर्क सूत्र: मो. नं.- 9425148302, 9406639465, 9981619135, 9406638144



संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार | भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण | National Museum New Delhi | केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख UNION TERRITORY OF LADAKH

भगवान बुद्ध के मानवता और करुणा के सार्वभौमिक संदेश से जुड़ने का अद्वितीय अवसर



Sacred Exposition of the
Holy Relics of the Tathagata
peace beyond borders | 1st to 14th May 2026
commemorating the **2569th Vesak Buddha Purnima**

"भारत केवल भगवान बुद्ध के पावन अवशेषों का संरक्षक नहीं है, बल्कि उनकी परंपरा का जीवंत वाहक भी है।"
~ नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



उद्घाटन
श्री अमित शाह
माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार
के कर कमलों द्वारा

तिथि: 1 मई 2026 | समय: प्रातः 9:00 बजे
स्थान: जिवेत्सल, लेह

गरिमामयी उपस्थिति
श्री विनय कुमार सक्सेना
माननीय उपराज्यपाल, लद्दाख, केंद्र शासित प्रदेश

मुख्य कार्यक्रम
कुशाक बकुला रिनपोछे स्मृति व्याख्यान माला — 2 मई 2026 | सीआईबीएस, चोगलमसर, लेह
सांस्कृतिक संध्या — 2 मई 2026 | लेह बाज़ार, लेह
जांस्कर में पवित्र शरीर धातु का दर्शन — 4 मई 2026 | जांस्कर
मौन शांति यात्रा — 4 मई 2026 | लेह बाज़ार, लेह
आधुनिक विज्ञान और बौद्ध दर्शन पर चर्चा — 13 मई 2026 | सीआईबीएस, चोगलमसर, लेह



प्रवेश निःशुल्क है

दैनिक गतिविधियाँ और कार्यशालाएँ:
पवित्र छाम नृत्य | भोजन और हस्तशिल्प के स्टॉल | लाइट और लेज़र शो
निःशुल्क चिकित्सा शिविर | ध्यान और योग सत्र | प्रार्थना समारोह | पांडुलिपि संरक्षण
मिट्टी की मूर्तियाँ और लकड़ी की नक्काशियों की प्रदर्शनी | थांगका चित्रकला

CBC 09101/13/0003/2627

अधिक जानकारी के लिये देखें: tathagata.co.in | स्कैन करें